हवन-यज्ञ प्रार्थना in Hindi

पूजनीय प्रभो हमारे,
भाव उज्जवल कीजिये ।
छोड़ देवें छल कपट को,
मानसिक बल दीजिये ॥ १॥
वेद की बोलें ऋचाएं,
सत्य को धारण करें ।
हर्ष में हो मग्न सारे,
शोक-सागर से तरें ॥ २॥

अश्वमेधादिक रचायें,
यज्ञ पर-उपकार को ।
धर्मं- मर्यादा चलाकर,
लाभ दें संसार को ॥ ३॥

नित्य श्रद्धा-भक्ति से,
यज्ञादि हम करते रहें ।
रोग-पीड़ित विश्व के,
संताप सब हरतें रहें ॥ ४॥

भावना मिट जाये मन से,
पाप अत्याचार की ।
कामनाएं पूर्ण होवें,
यज्ञ से नर-नारि की ॥ ५॥

लाभकारी हो हवन,
हर जीवधारी के लिए ।
वायु जल सर्वत्र हों,
शुभ गंध को धारण किये ॥ ६॥

स्वार्थ-भाव मिटे हमारा,
प्रेम-पथ विस्तार हो ।
'इदं न मम' का सार्थक,
प्रत्येक में व्यवहार हो ॥ ७॥

प्रेमरस में मग्न होकर,
वंदना हम कर रहे ।
'नाथ' करुणारूप ! करुणा,
आपकी सब पर रहे ॥ ८॥

Hawan Prarthana in English

Poojaniya Prabho hamare,
Bhav ujjval kijiye.
Chhod deven chhal kapat ko,
Maanasik bal dijiye. (1)

Ved ki bolen richaayen,
Satya ko dhaaran karen.
Harsh mein ho magn saare,
Shok-saagar se taren. (2)

Ashwamedhadik rachaayen,
Yagya par-upkaar ko.
Dharm-maryaada chalaakar,
Laabh den sansaar ko. (3)

Nitya shraddha-bhakti se,
Yagyadi hum karte rahen.
Rog-peedit vishva ke,
Santaap sab harte rahen. (4)

Bhavna mit jaye man se,
Paap atyachaar ki.
Kaamanaayein poorn hovein,
Yagya se nar-naari ki. (5)

Laabhkari ho havan,
Har jeevdhaari ke liye.
Vaayu jal sarvatr ho,
Shubh gandh ko dhaaran kiye. (6)

Swaarth-bhaav mite hamara,
Prem-path vistaar ho.
'Idam na mam' ka saarthak,
Pratyek mein vyavhaar ho. (7)

Premras mein magn hokar,
Vandana hum kar rahe.
'Naath' karunarup! Karuna,
Aapki sab par rahe. (8)